



# शिक्षकों की जिला स्तरीय रैली 8 को, संगठनों की हुई बैठक

- टीईटी की बाध्यता समाप्ति और
- वरिष्ठता को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** टीईटी परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर रविवार को जॉगर्स पार्क में सभी शिक्षक संगठनों की आवश्यक बैठक हुई। इस दौरान जिला एवं प्रांत स्तर पर आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन रैली को लेकर कार्य योजना बनाई गई।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के हेमेंद्र मालवीय ने बताया कि 8 अप्रैल को जिला स्तर पर शिक्षक दोपहर 4 बजे हाई स्कूल में एकत्रित होंगे। जहां से रैली के रूप में कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं 11 अप्रैल को सभी ब्लॉक मुख्यालय पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसी तरह 18 अप्रैल को संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में प्रांतीय कार्यकारिणी के लिए गए निर्णय अनुसार बड़वानी जिले से शिक्षक प्रांत स्तरीय प्रदर्शन में भोपाल में शामिल होंगे।

## दायर कर रहे रीट

संयुक्त मोर्चा के रघुवीर सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश अनेक संगठनों के माध्यम से पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की जा रही है। संयुक्त मोर्चा ने शिक्षकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रैली को सफल बनाए।

## शिक्षकों में व्याप्त आक्रोश

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के यशवंत चौहान ने बताया कि 30 साल की दीर्घ सेवा के बाद भी शिक्षकों की पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उसमें उत्तीर्ण नहीं होने पर सेवा से पृथक किया जाएगा। मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री के आश्वासन के बाद भी राज्य शासन ने अब तक सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

# जिले में बढ़ रहे किडनी मरीज, बड़ी चुनौती

**बड़वानी, ( नवभारत )।** बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती लापरवाही अब जानलेवा साबित हो रही है। जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर से प्राप्त आंकड़े डराने वाले हैं, जहां इस वर्ष मार्च तक ही 1300 से अधिक डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। वर्तमान में सेंटर पर हर महीने औसतन 450 से अधिक मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बीपी और शुगर के अनियंत्रित स्तर के साथ बिना डॉक्टरी सलाह के ली जाने वाली दवाइयां इस समस्या की मुख्य जड़ हैं। यदि लोग अब भी आदतों के प्रति सचेत नहीं हुए, तो आने वाले समय में जिले में किडनी रोगियों की संख्या और भयावह हो सकती है।

चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि किडनी खराब होने के लक्षण काफी देर से पता चलते हैं, इसलिए नियमित जांच ही एकमात्र बचाव है। किडनी खराब होने के पीछे सबसे बड़ा कारण लंबे समय तक दवाओं का सेवन और उनमें बरती जाने वाली लापरवाही है। अक्सर बीपी और शुगर के मरीज नियमित जांच कराए बिना सालों तक एक ही दवा लेते रहते हैं, जो धीरे-धीरे किडनी को डैमेज कर देती है। इसके अलावा, आम लोग सिरदर्द या बदन दर्द होने पर बिना डॉक्टरी परामर्श के पेनकिलर और हैवी एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये दर्द निवारक दवाएं सीधे तौर पर किडनी की कार्यक्षमता को खत्म कर रही हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि अधिकांश मरीजों को सप्ताह में 2 से 3 बार डायलिसिस की आवश्यकता पड़ रही है।

एक समय था जब किडनी की बीमारियां केवल बुजुर्गों में देखी जाती थी, लेकिन अब 20 से 50 वर्ष के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार युवाओं में बढ़ता नशा, शराब, तंबाकू और मादक पदार्थों का सेवन किडनी फेलियर का प्रमुख कारण बन रहा है। खराब खान-पान व शारीरिक सक्रियता की कमी इस जोखिम को और बढ़ा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अपील की है कि 40 वर्ष की आयु पार कर चुके लोगों को साल में कम से कम एक बार अपना होल बॉडी चेकअप अवश्य कराना चाहिए।



## साइलेंट किलर है ये बीमारी

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. जोसफ सुलिया का कहना है कि किडनी की बीमारी एक साइलेंट किलर है। इसके लक्षण तब उभरते हैं जब किडनी 60 से 70 प्रतिशत तक डैमेज हो चुकी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराना और खुद से दवा का डोज तय करना सबसे भारी पड़ रहा है। बीपी और शुगर के मरीजों को हर 3 महीने में किडनी फंक्शन टेस्ट कराना चाहिए। शरीर में सूजन, भूख न लगना या पेशाब में दिक्कत जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तत्काल विशेषज्ञ से परामर्श ले। बिना जांच के दवाओं का सेवन किडनी को पूरी तरह छलनी कर सकता है।

# एमएलए के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस से भाजपा में



**पानसेमल, ( नवभारत )।** विस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का दौर जारी है। रविवार मलफा निवासी युवाओं और कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने बताया कि विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीरें बदल रही है। नगर, ग्राम व मजरे टोलों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। पीएम व सीएम की जनहितैषी नीतियों और क्षेत्रीय विधायक द्वारा योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने से प्रेरित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जपं सदस्य प्रतिनिधि पंडित माली, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, रतिलाल गवले, कान्तिलाल गवले, नरेश बैसाणे, प्रकाश ठाकरे, विजय ठाकरे, लीलाचंद गवले, सुभाष ठाकरे, सुरेश सेने, श्यामराव मोगरे, नवनाथ नावडे उपस्थित रहे।

# 10 से 19 अप्रैल तक लगेगा जिला स्तरीय पुस्तक मेला

**बड़वानी।** जिला स्तरीय पुस्तक और गणवेश मेले का आयोजन 10 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल क्रमांक 3 रणजीत क्लब के पास किया जाएगा।


जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मेले में प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम भोपाल एवं समस्त बुक स्टोर्स द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही पुस्तक, स्टेशनरी यूनिफार्म, शूज इत्यादि उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला स्तर आयोजित पुस्तक एवं गणवेश मेले स्टॉल लगाए जा रहे है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की युवा नि :शुल्क कर रहे तैयारियां

- नि :शुल्क लाइब्रेरी का कर रहे संचालन, युवाओं ने कहा अच्छी पहल

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर परिषद व दुर्गा खांडसारी शुगर मील्स द्वारा दुर्गा मंदिर के पास नि:शुल्क लाइब्रेरी संचालित की जा रही है। जिसमें अभ्यर्थी अपनी आवश्यकता अनुसार पुस्तकों का वाचन कर सकता है। संस्था द्वारा मुफ्त वाईफाई की व्यवस्था भी की गई है।

धनराज पटेल ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए मॉक टेस्ट प्रतियोगिता की जाएगी। जिसमें उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के चयन के लिए ऑनलाईन होने वाले कोर्स को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। युवाओं ने कहा कि एक तरफ और शांत वातावरण होने से स्थान भी ठीक है। इसे क्षेत्रवासियों के लिए अच्छी पहल बताया। लाइब्रेरी के को करीब 3 माह हो चुके हैं।



# कौशल विकास आज की जरूरत ...

**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शभीना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल ने कौशल विकास और कॅरियर विषय पर चर्चा का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के विषय विशेषज्ञों संजु बरवरे और यश सेठी ने मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने भी सम्बोधित किया।



यश सेठी ने बताया कि 7 अप्रैल से आरसेटी में दो कोर्स घरेलू विद्युत व कंप्यूटर अकाउंटिंग प्रारम्भ हो रहे हैं। कोर्स की अवधि 1 माह रहेगी। संजु बरवरे ने कहा कि जो युवा इन प्रशिक्षणों का लाभ लेना चाहते हैं, सुबह 10 से शाम 5 बजे के मध्य कलेक्टोरेट परिसर में स्थित आरसेटी में संपर्क कर सकते हैं। संचालन आरती धनगर व आभार दिव्या जमरे ने माना। इस दौरान कॅरियर सेल के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## एक नजर में

### सानंद मिलन का रंगारंग आयोजन

**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस (एसवीआईएमएस) ने नखराली ढाणी में सानंद मिलन का आयोजन किया, जिसमें कर्मचारियों ने रोजमर्रा की व्यस्तताओं को भूलकर हंसी, मस्ती और अपनापन भरे पल बिताए. इस कार्यक्रम में डांस, मजेदार राइड्स, झूले, कठपुतली और मैजिक शो जैसी गतिविधियां शामिल थीं, जिन्होंने हर चेहरे पर मुस्कान और दिलों में खुशियां भर दीं. फोटो और सेल्फी सेशन ने इन पलों को और भी यादगार बना दिया. आयोजन ने पद और प्रतिष्ठा के भेद मिटाकर सभी को एक परिवार की तरह जोड़ दिया. निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि ऐसे रिक्रिएशनल पल टीम को मजबूत बनाने और संस्थान में अपनापन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं. इस स्नेहिल मिलन की मधुर यादें लंबे समय तक सभी के मन में बनी रहेंगी.

### शातिर बदमाश राहुल उर्फ झटका को किया तड़ीपार



**इंदौर.** आपराधिक गतिविधियों में लिप्त एक बदमाश को पुलिस ने छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है. आरोपी के इंदौर शहर व देहात सहित आसपास के कई जिलों की सीमाओं में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है. चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश के पालन में पंचमूर्ति नगर में रहने वाले 32 वर्षीय राहुल उर्फ झटका के संबंध में क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई गई. इस दौरान आरोपी के परिजनों और आसपास के लोगों को आदेश की जानकारी दी गई. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित बदमाश का इंदौर नगरीय एवं देहात क्षेत्र के साथ ही जिले के नजदीकी जिलों देवास, धार, खरगोन और उज्जैन जिलों की सीमाओं में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है. यदि वह कहीं भी दिखाई दे, तो तत्काल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए हैं.

### एनडीपीएस एक्ट के दो आरोपियों को जेल भेजा



**इंदौर.** पुलिस ने खजराना थाना क्षेत्र के और रावजी बाजार थाना क्षेत्र के आरोपियों को अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त पाए जाने पर पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया. कार्रवाई शहर में युवाओं को नशे के कब्जे से बचाने और अवैध ड्रग कारोबार पर अंकुश लगाने के निर्देश के तहत की गई. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शहर में नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी है. जोन 2 और जोन 4 पुलिस ने दोनों आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया. खजराना थाना क्षेत्र के ममता कॉलोनी निवासी सैयद रेहान लंबे समय से अवैध मादक पदार्थ की खरीदी-बिक्री में सक्रिय था. पुलिस ने उसके खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण तैयार किया कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे छह माह के लिए भोपाल जेल भेज दिया. इसी तरह, रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाले सचिन आर्य को भी मादक पदार्थों के तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत छह माह के लिए केंद्रीय जेल भोपाल में भेजने के आदेश जारी किए.

# तीन माह में 18 मामलों में 30 ड्रग्स तस्करों को पकड़ा

### *आरोपियों में पांच महिलाएं भी हैं शामिल*

**इंदौर. शहर में ड्रग्स का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है. क्राइम ब्रांच ने जनवरी से मार्च तक तीन माह में 18 मामलों में 30 तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर में गांजा, सिंथेटिक ड्रग्स, अल्प्राजीलम की गोलियां, ब्राउन शुगर, एमडी और चरस सहित हर तरह की नशीली वस्तुएं पहुंच रही हैं. पुलिस जांच में सामने आया है कि सबसे अधिक गांजा आसपास के जिलों धार, खरगोन, खंडवा, देवास और उज्जैन से आता है, जबकि ब्राउन शुगर और एमडी राजस्थान बार्डर से शहर में पहुंच रही है. पिछले साल क्राइम ब्रांच ने 100 से अधिक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की थी.

## महिलाएं भी जुड़ रहीं ड्रग्स की तस्करी में ...

इस साल के तीन माह में अकेले क्राइम ब्रांच ने ही 18 केस में 30 तस्करों को पकड़ा है. इसके अलावा शहर के अलग-अलग थानों ने भी 20 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें कनाड़िया और राऊ थाने की कार्रवाई में चार महिलाएं शामिल हैं. पुलिस का कहना है कि महिलाएं भी अब ड्रग्स के अवैध कारोबार में सक्रिय हो रही हैं. शहर में हर थाना क्षेत्र में नशे का कारोबार फैल चुका है, लगातार कार्रवाई के बावजूद इस पर रोक नहीं लग पा रही है.

# जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर.** स्कीम नंबर 78 में रहने वाले एक 18 वर्षीय छात्र ने शुक्रवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. छात्र जेईई की तैयारी कर रहा था. वह जिस कमरे में पढ़ाई करता था, वहां लगे बोर्ड पर सॉरी लिखा हुआ है.

लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि मृतक तन्मय यादव के माता पिता शिक्षित हैं. मां हेमलता सरकारी टीचर और पिता देवेंद्र यादव कंपनी में नौकरी करते हैं. बड़ा भाई पिछले तीन साल से विदेश में कार्यरत है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अत्यधिक पढ़ाई और जेईई की तैयारी का तनाव उसके आत्महत्या का कारण बन सकता है. घटना के बाद परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि की. शव का पोस्टमार्टम एमवाय अस्पताल में कराया, मामले की जांच पुलिस कर रही है. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि छात्र के मामा रविंद्र मंडलोई ने भी तन्मय को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन वह मानसिक दबाव से बाहर नहीं आ पाया.

# शराब कारोबारी और एमपी लीग की क्रिकेट टीम के मालिक पर केस दर्ज

- सूरज रजक पर अभिनेत्री की 300 करोड़ की जमीन पर धोखाधड़ी और कब्जे की कोशिश का है आरोप

**इंदौर.** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की एमपी लीग में पहली बार खेलने वाली मालवा स्टैलियंस टीम के मालिक और शराब कारोबारी सूरज रजक के खिलाफ लसूड़िया थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. उन पर शहर के पॉश इलाके में स्थित 300 करोड़ रुपए की बेशकीमती जमीन को लेकर धोखाधड़ी और जमीन हड़पने की कोशिश का आरोप है. यह कार्रवाई अभिनेत्री रेमन कक्कड़ की शिकायत और मुख्य सचिव के हस्तक्षेप के बाद हुई है.

अभिनेत्री रेमन कक्कड़ ने आरोप लगाया था कि शुरुआत में पुलिस उनकी शिकायत पर संज्ञान नहीं ले रही थी. इसके बाद मामला प्रदेश के मुख्य सचिव तक पहुंचा, जिनके निर्देश के बाद शुक्रवार देर रात लसूड़िया थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. शिकायत के अनुसार, निपानिया क्षेत्र के सर्वे नंबर 414 की लगभग दो हेक्टेयर जमीन रेमन कक्क्ड़ की माता नरेंद्र कौर सलूजा और उनके भाइयों पुष्पेंद्र और रणधीर सलूजा के नाम पर दर्ज है. पुलिस ने सूरज रजक के खिलाफ धारा 329(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.रेमन के भाई रणधीर सलूजा ने बताया कि यह जमीन उनके पिता ने 1964 में खरीदी थी. जमीन का कुछ हिस्सा 2010 में सड़क चौड़ीकरण के लिए आईडीए को दिया गया था. रणधीर के मुताबिक, वे उस समय दिल्ली में थे, जब उन्हें बहन रेमन के माध्यम से कब्जे की सूचना मिली. उन्होंने कहा कि सूरज रजक लगातार जमीन के लिए दबाव बना रहे थे और मना करने पर उन्होंने बाहुबल का प्रयोग कर कब्जा करने का प्रयास किया.

## सूरज रजक ने पहले शराब दुकान के लिए किराए पर मांगी थी जमीन

पुलिस के अनुसार रेमन के पति ऋषि कक्कड़ से सूरज रजक ने शराब की दुकान खोलने के लिए 6000 वर्गफीट जमीन किराए पर मांगी थी. परिवार द्वारा इनकार किए जाने के बाद रजक ने परिवार के अन्य सदस्यों पर भी दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन सभी ने अपनी जमीन देने से मना कर दिया. जमीन मालिकों का आरोप है कि 3 अप्रैल को जब वे मौके पर पहुंचे, तो वहां कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे.

# रिटायर्ड अधिकारी फंसा विदेशी महिला के चक्कर में

### 67 साल के बुजुर्ग से फेसबुक दोस्त ने 10 .43 लाख ठगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोशल मीडिया के जरिये विदेशी महिला से दोस्ती करना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया. ओम विहार कॉलोनी में रहने वाले एक 67 वर्षीय रिटायर्ड अधिकारी ने फेसबुक पर डॉ. लिसा डेविस नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार कर दोस्ती कर ली. महिला खुद को स्कॉटलैंड की रहने वाली बताती थी, फेसबुक पर धीरे-धीरे बातचीत दोस्ती में बदल गई.**

कुछ समय बाद महिला ने विदेश से रिटायर्ड अधिकारी अशोक कुमार को गिफ्ट भेजने की बात कही. इसके बाद पीड़ित को दिल्ली एयरपोर्ट के कथित कस्टम अधिकारियों के नाम से कॉल आने लगे. ठगों ने पार्सल में डॉलर होने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर लगातार पैसे मांगे और 10.43 लाख रुपए ठग लिए. जब लगातार रकम मांगी जाने लगी, तो अशोक कुमार ने यह बात अपने बेटे को बताई, फिर बेटे के साथ एरोड्रम पुलिस को शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जिन खातों में पैसा ट्रांसफर हुआ, उन्हें ब्लॉक कर दिया है और आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है. मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है. उन्होंने कहा कि अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, विदेश से गिफ्ट के नाम पर पैसे मांगने वालों, खुद को कस्टम अधिकारी बताने वालों और किसी भी तरह का लालच देने वालों की बातों में न आएं, ऐसे कॉल की तुरंत रिपोर्ट करें.

## एक नजर में

### 180 नो पार्किंग, 22 मोबाइल फोन पर बात करने और 21 रॉन्ग साइड वाहन चलाने के मामले दर्ज

# व्यस्त मार्गों पर नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

**इंदौर.** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने 56 दुकान, राजवाड़ा, मालवा मिल, भंवरकुआं, एयरपोर्ट रोड सहित अन्य व्यस्त क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों के माध्यम से अभियान चलाया.

अभियान के दौरान 180 नो पार्किंग उल्लंघन, 22 मोबाइल फोन पर बात करने वाले और 21 रॉन्ग साइड वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई. टीमों ने प्रमुख मार्गों और व्यस्त बाजारों में निरंतर भ्रमण कर अव्यवस्थित पार्किंग हटाई और यातायात प्रवाह सुगम बनाया. यह अभियान पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त प्रभारी यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में चलाया गया. उन्होंने टीमों को प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों में व्हील लॉक और पेट्रोलिंग के माध्यम से लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए.





अभियान के दौरान अन्नपूर्णा रोड, बड़ा गणपति, मालवा मिल, भमोरी, 56 दुकान, जंजीरवाला, पलासिया, सराफा बाजार और गोराकुंड जैसे क्षेत्रों में सघन निरीक्षण किया. अभियान के परिणामस्वरूप जाम कम हुए, नियमों का पालन बढ़ा और नागरिकों तथा व्यापारियों में पार्किंग व्यवस्था के प्रति जागरूकता आई. पुलिस ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी.